फैक्स/तत्काल

संख्या-446/9-1-2014-3बजट/13टीसी

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

इलाहाबाद।

नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 28 जनवरी, 2014

विषयः माघ मेला, इलाहाबाद, 2014 की व्यवस्था हेतु बजट की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-6609/9-1-2013-3बजट/2013 दिनांक 26.12.2013 के संदर्भ में अपने पत्र संख्या-1435/पन्द्रह-मा0मे0(2013-14) दिनांक 15 जनवरी, 2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय सम्यक् विचारोपरान्त माघ मेला, 2014 के आयोजन हेतु कुल धनराशि रू0-20,00,00,000/-(रूपये बीस करोड़ मात्र) निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अतिरिक्त रूप से आवंटित करते हुए उसे व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

(2) स्वीकृत धनराशि से अधिक का व्यय करके देनदारी नहीं सृजित की जायेगी।

(3) सम्बन्धित कार्यदायी विभागों को उपलब्ध कराये गये फॉट के अनुसार धनराशि आवंटित की जायेगी।

(4) स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद को समयान्तर्गत उपलब्ध कराया जायेगा।

3- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के अनुदान संख्या-37 के लेखा शीर्षक-2053-जिला प्रशासन-094-अन्य स्थापनायें-03-माघ मेला अधिष्ठान-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा तथा अनुदान संख्या-37 के लेखा शीर्षक-2230-श्रम तथा रोजगार-02-रोजगार सेवायें-101- रोजगार सेवायें-03-मोटर/सोलर रिक्शों के वितरण हेतु "रिक्शा योजना"-20-सहायता अनुदान- सामान्य (गैर वेतन) मद में हुई बचतों के पुनर्विनियोग से वहन किया जायेगा।

4- उक्त आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1-640/दस-2013-231/2013, दिनांक 28 मार्च, 2013 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किया जा रहा है।

संलग्नक-बीएम-9

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)

सचिव।

संख्या-446(1)/9-1-2014-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन अनुभाग।
4. प्रभारी अधिकारी, माघ मेला, इलाहाबाद।
5. कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
7. सुपर वेब यूजर्स/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग को एलाटमेंट /विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(राजेश बहादुर)

अनु सचिव।